राष्ट्रीय सेवा योजना
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,जौनपुर

Website:www.vbspu.ac.in Email.ID: nssvbspu.jnp@gmail.com

पत्रांकः **31** / पू0वि0वि0 / रा0से0यो0 / 2025–26 दिनांक–04.08.2025

प्रेषक–

डॉ0 राज बहादुर यादव
कार्यक्रम समन्वयक(राष्ट्रीय सेवा योजना),
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,
जौनपुर–मो0 नं0–9452981191

सेवा में,

प्राचार्य / कार्यक्रम अधिकारी (राष्ट्रीय सेवा योजना)
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,
जौनपुर।

विषय– **दिनांक 12 अगस्त, 2025 को ''विकसित भारत युवा कनेक्ट'' कार्यक्रम आयोजन संबंधी** ।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक उप सचिव, भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, युवा कार्यक्रम विभाग, नई दिल्ली के पत्र संख्या–I-11024/2/2025-NPYAD Dated 1St August,2025 (संलग्न) एवं भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, युवा कार्यक्रम विभाग, रा0से0यो0 क्षेत्रीय निदेशालय, लखनऊ के पत्र संख्या–40–60 / रा0से0यो0 / क्षे.नि. / लख / 2025–26 / 4777–4871 दिनांक 02 अगस्त, 2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से अवगत कराना है कि अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर, भारत सरकार, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा **दिनांक 12 अगस्त, 2025 को ''विकसित भारत युवा कनेक्ट'' के रुप में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।** यह कार्यक्रम हमारे देश के युवाओं के साथ जुड़ने और 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रुप में काम करेगा।

इस ऐतिहासिक कार्यक्रम का उद्घाटन **भारत के माननीय प्रधानमन्त्री द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया जाएगा।** माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस (दिनांक 12 अगस्त, 2025) के अवसर पर देश भर के युवाओं को संबोधित किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में देश भर के समस्त विश्वविद्यालय अपने छात्र–छात्राओं के साथ वर्चुअल रुप से माननीय प्रधानमंत्री जी के संबोधन में प्रतिभाग करेंगे।

उपरोक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु विश्वविद्यालय / महाविद्यालय / संस्थान के छात्र–छात्राओं की सहभागिता एवं माननीय प्रधानमंत्री के संबोधन को लाइव देखने की सुविधा के लिए विश्वविद्यालय / महाविद्यालय / संस्थान परिसर में सभागार उपलब्ध कराने हेतु संबंधित को निदेशित करने की कृपा करें।

युवा कनेक्ट कार्यक्रम के संचालन के लिए आवश्यक सभी प्रासंगिक सामग्री के साथ गूगल ड्राइव लिंक https://drive.google.com/drive/folders/1qPcbNjF2b3Xa6VCf83x1NxTTDtzWMyg5?usp=sharing संलग्न है।

अतः इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि समस्त महाविद्यालय प्राचार्य/कार्यक्रम अधिकारी **दिनांक 12 अगस्त, 2025 को "विकसित भारत युवा कनेक्ट" कार्यक्रम को सफल आयोजन करने की कृपा करें।**

संलग्नकःयथोक्त।

भवदीय

डॉ0(राज बहादुर यादव)
कार्यक्रम समन्वयक

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव कुलपति जी, मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
2. क्षेत्रीय निदेशक, भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मत्रालय, रा0से.यो. क्षेत्रीय निदेशालय, हाल नं.–1, आठवां तल, केन्द्रीय भवन, सेक्टर–एच, अलीगंज, लखनऊ।
3. विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी, उच्चशिक्षा(रा0से0यो0को0)विभाग, उ0प्र0शासन, लखनऊ।
4. वित्त अधिकारी, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर।
5. कुलसचिव, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर।
6. वेव मास्टर को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपरोक्त् सूचना विश्वविद्यालय की वेवसाइट एन0एस0एस0 पोर्टल पर अपलोड करने का कष्ट करें।

डॉ0(राज बहादुर यादव)
कार्यक्रम समन्वयक